6. **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :** [4]

(क) दूसरे देश से मँगाया जाना ।

(ख) जिसे नापा न जा सके ।

(ग) जिस जमीन में कुछ पैदा न हो ।

(घ) जिसे करना आवश्यक है ।

7. **निम्नलिखित एकार्थी शब्दों के अर्थ लिखिए :-** [4]

(क) आवेदन (ख) अभिमान

प्रार्थना अहंकार

8. **निम्नलिखित उपसर्गों का प्रयोग करते हुए दो-दो शब्द बनाइए:** [3]

परा , निर् , उत्

9. **निम्नलिखित प्रत्ययों के योग से दो-दो शब्द बनाइए :-** [3]

आवट, नी, न

10. **निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए :-** [2]

कठोर, न्यून, कृतज्ञ, निर्भय

11. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :-** [6]

एड़ी-चोटी का जोर लगाना, कमर टूटना, उल्लू बनाना, ईंट से ईंट बजाना

12. **निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :-** [1x5=5]

(क) सैनिक द्वारा किए गए बाढ़ राहतकार्य को मैं सलाम करती हूँ। (वचन बदल कर वाक्य को पुनः लिखिए)

(ख) सर्प ने उसके देवर को डस लिया। (लिंग बदल कर वाक्य को पुनः लिखिए)

(ग) नटखट बच्चे शांत नहीं रह सकते। (अर्थ बदले बिना 'नहीं' हटाइए)

(घ) जब मीरा पढ़ती है तो मोहन सोता है। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ङ) राम, लक्ष्मण और सीता वन को गईं। (वाक्य शुद्ध कीजिए)

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2018-2019

हिन्दी भाषा

कक्षा : VIII

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।

1. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :-** [15]

(क) 'पुस्तकें हमारे जीवन की सच्ची मित्र हैं – इसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय में नियमित रूप से पुस्तक पढ़ने के नियम बनाए गए हैं। इस नियम के महत्त्व को प्रकट करते हुए बताएँ कि आपने कौन-सी पुस्तक पढ़ी। इसे पढ़ने से आपको क्या-क्या लाभ हुआ ? वर्णन कीजिए ।

(ख) 'अजातशत्रु' अटल बिहारी वाजपेयी : एक परिचय।

(ग) केरल में आए विनाशकारी बाढ़ से पीड़ित लोगों की दशा का वर्णन करते हुए बताएँ कि इनकी सहायता के लिए आपने क्या किया ?

(घ) किसी ऐसे त्यौहार का वर्णन कीजिए जिसे भाई-बहन दोनों मिल कर मनाते हैं। किसी स्मरणीय घटना, जो रोचक हो और इसी त्योहार के दिन घटित हुई हो, का भी वर्णन कीजिए।

(ङ) ''जैसी करनी, वैसी भरनी' – इस लोकोक्ति के आधार पर कोई प्रसंग अथवा मौलिक कहानी लिखिए।

2. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए :-** [15]

(क) आपके विद्यालय में स्थित कैंटीन की विशेषता की चर्चा करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

{Turn Over}

(ख) आपके क्षेत्र में गंदगी बढ़ गई है। कचरे को हटाने का कोई उचित प्रबंध न होने के कारण आम जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत कीजिए और आवश्यक सुधार करने का अनुरोध भी कीजिए।

3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :- [4x5=20]

एक विशाल काँच के महल में न जाने किधर से एक भटका हुआ कुत्ता घुस गया। उसने जिधर नज़र डाली, उधर ही हज़ारों कुत्ते दिखाई दिए। वह समझा कि ये सब पर टूट पड़ेंगे और उसे मार डालेंगे। उसका दिल जोरों से धड़कने लगा। वह ज़ोर से भौंका। सब कुत्ते भी ज़ोर से भौंकते दिखाई दिए। आखिर वह उन कुत्तों पर झपटा, वे भी उस पर झपटे। बेचारा ज़ोर-ज़ारे से उछला, कूदा, भौंका और चिल्लाया। अंत में गश खाकर गिर पड़ा।

कुछ देर बाद उसी महल में एक और कुत्ता आया। उसको भी हजारों कुत्ते दिखाई दिए। वह डरा नहीं, प्यार से उसने अपनी दुम हिलाई। सभी कुत्तों की दुम हिलती दिखाई दी। वह प्रसन्नता से उछला-कूदा, खुश हुआ और दुम हिलाता हुआ बाहर चला गया।

दुनिया काँच के महल जैसी है। 'आप भले तो जग भला' 'आप बुरे तो जग बुरा'। अगर आप प्रसन्नचित्त रहते हैं, दूसरों के दोषों को न देखकर उसके गुणों की ही ओर ध्यान देते हैं, तो दुनिया भी आपसे नम्रता और प्रेम का बर्ताव करेगी। अगर आप हँसेंगे तो, दुनिया आपका साथ देगी पर अगर आपको गुस्सा होना और रोना ही है, तो दुनिया आपका साथ देगी पर अगर आपको गुस्सा होना और रोना ही है, तो दुनिया से दूर जंगल में जाना ही हितकर होगा।

अमेरिका के मशहूर लेखक इमर्सन को गायें पालने का शौक था। एक बार ज़ोर की बारिश हुई। इमर्सन और उनका लड़का दोनों मिलकर बछड़े को पकड़कर खींचने लगे कि वह कुटी में चला आए। उन्होंने ज़ोर से खींचना शुरू किया, बछड़ा भी सारी ताकत लगाकर पीछे हटने लगा। इमर्सन की परेशानी देखकर उनकी बूढ़ी नौकरानी दौड़ी आई और अपना अँगूठा बछड़े के मुँह में प्यार से डालकर कुटी की तरफ ले जाने लगी। बछड़ा चुपचाप कुटी के अंदर चला गया।

(क) दोनों कुत्ते के व्यवहार में क्या अंतर था ?

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। लेखक ने दुनिया को काँच के महल जैसा क्यों कहा है ?

(ग) इमर्सन कौन थे और उनकी परेशानी का क्या कारण था ?

(घ) लेखक की परेशानी किसने दूर की और कैसे ? इस गद्यांश से हमें क्या सीख मिलती है ?

(ङ) शब्दार्थ लिखिए :- विशाल, नज़र, काँच, दुम, प्रसन्नता, कुटी, मशहूर, बर्ताव ।

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :- [4]

इंद्राणी, कल्पवृक्ष, उत्तम, कुबेर

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- [4]

उद्धत, आदान, उत्कर्ष, अनुराग, उधार, अंतर्मुखी, उत्तीर्ण, अल्पज्ञ

{Turn Over}